समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

# राज्य परियोजना कार्यालय
## समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़
द्वित्तीय तल, एकीकृत शिक्षा भवन, पेंशनबाड़ा, रायपुर
टेलीफोन नं. 0771-2445052 Email-mis.head@gmail.com

पत्र क्रं. 3930/Samagra Shiksha/MMSGA/2025-26 रायपुर, दिनांक 06/10/2025

प्रति,

01) जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त जिले, छ.ग.
02) प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, समस्त जिले, छ.ग.
03) जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा, समस्त जिले, छ.ग.

**विषयः—मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण का आयोजन।**
**सन्दर्भः—छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग का पत्र क्रमांक GENCOR/2587/2025-sch.Edu./20-1/नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 01.10.2025**

---000---

उपरोक्त सन्दर्भ में राज्य के सभी शासकीय प्राथमिक से लेकर हायर सेकन्डरी शालाओं में दिनांक 06 से 08 अक्टूबर के मध्य किसी उपयुक्त तिथि का निर्धारण कर निकट के स्कूल से चयनित टीम लीडर के माध्यम से एक टीम के साथ समुदाय के समक्ष स्कूलों में बेहतर शिक्षा की दिशा में आगे कार्य करने एवं सहयोग हेतु सामाजिक अंकेक्षण का आयोजन किया जाना है। इस हेतु स्तर वार 20-20 प्रश्नों की प्रश्नावली सभी जिलों के माध्यम से स्कूलों तक उपलब्ध करवाई जा चुकी होगी। सामजिक अंकेक्षण के लिए चयनित टीम का प्रशिक्षण भी शाला संकुल प्राचार्य के माध्यम से आयोजित किया जा चुका होगा। प्रत्येक स्तर के टूल एवं सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया को समझने हेतु वीडियों भी उपलब्ध करवा दिए गए हैं जिसे अच्छी तरह से समझ कर ही सामाजिक अंकेक्षण का आयोजन किया जाना होगा।

सामाजिक अंकेक्षण के दौरान ध्यान देने योग्य बातों को इस पत्र के साथ संलग्न कर भेजा जा रहा है। इसका पालन सभी स्कूलों में सुनिश्चित करवाएं ताकि इस पूरी प्रक्रिया के बेहतर परिणाम आ सके।

**संलग्न**—उपरोक्तानुसार।

6/X/25
उप संचालक
**राज्य परियोजना कार्यालय**
**समग्र शिक्षा, छ.ग., रायपुर**

पृ क्र. 3931/Samagra Shiksha/MMSGA/2025-26 रायपुर, दिनांक 06/10/2025

**प्रतिलिपि**

1. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, महानदी भवन, अटल नगर, छ.ग. को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इंद्रावती भवन, अटल नगर, छ.ग. को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. कलेक्टर, समस्त जिले, छ.ग. को सूचनार्थ।
4. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, समस्त संभागीय कार्यालय, छ.ग. को सूचनार्थ।

उप संचालक 6/X/25
राज्य परियोजना कार्यालय
समग्र शिक्षा, छ.ग., रायपुर

## 1. सामाजिक अंकेक्षण के सफल आयोजन हेतु चेक लिस्ट-2025

**जिला स्तर:**

- जिले स्तर पर मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के क्रियान्वयन हेतु दल का गठन
- राज्य से प्राप्त टूल का वितरण सभी स्कूलों तक संख्या अनुसार कर दिया गया है
- शाला संकुलों के माध्यम से सभी संबंधित हितग्राहियों का क्षमता विकास हो गया है
- सामाजिक अंकेक्षण की मानिटरिंग हेतु जिले स्तर से टीम का गठन कर जिम्मेदारी दी गयी है
- प्रत्येक शाला के लिए उनके निकट की शाला से एक सामाजिक अंकेक्षण टीम लीडर का चयन

**विकासखंड स्तर:**

- सभी शालाओं को सामाजिक अंकेक्षण की जानकारी देते हुए तैयार रहने के निर्देश देना
- प्रत्येक शाला में सामाजिक अंकेक्षण के टूल की उपलब्धता सुनिश्चित करना एवं कहीं अचानक कुछ कमी होने पर उसकी छायाप्रति के उपयोग हेतु निर्देशित करना
- प्रत्येक शाला के लिए उनके निकट की शाला से एक सामाजिक अंकेक्षण टीम लीडर का चयन
- दो अक्टूबर को सभी ग्राम सभा की बैठक में विभाग से उपस्थिति एवं सामाजिक एजेंडा की जानकारी देते हुए उसका अनुमोदन लेना
- अधिक से अधिक स्कूलों में सामाजिक अंकेक्षण के दिन न्यौता भोज के आयोजन हेतु समुदाय को प्रोत्साहित करना
- सामाजिक अंकेक्षण की मानिटरिंग हेतु विकासखंड स्तर टीम का गठन कर जिम्मेदारी देना
- विकासखंड स्तर पर भरे हुए टूल की डाटा प्रविष्टि करने हेतु राज्य से पांच विशेषज्ञों की सूची प्राप्त कर उन्हें जिम्मेदारी देते हुए उनका प्रशिक्षण में सहभागिता सुनिश्चित करना
- शाला में कुल दर्ज विद्यार्थी, कुल कार्यरत शिक्षक, सामाजिक अंकेक्षण में उपस्थित कुल विद्यार्थी, उपस्थित कुल शिक्षक, उपस्थित कुल समुदाय के सदस्यों की संख्या, न्यौता भोजन के आयोजन की स्थिति आदि को अलग अलग टूल के कव्हर पेज में लिखकर लाने हेतु सूचित करना (मुद्रित प्रपत्र में इसका उल्लेख नहीं है)
- दिनांक 6/7/8 अक्टूबर को सामाजिक अंकेक्षण के तत्काल बाद भरे हुए प्रपत्र प्राप्त कर उसकी प्रविष्टि BRC कार्यालय में विशेषज्ञों के माध्यम से पूरा करना
- एक कुशल टीम के माध्यम से समुदाय द्वारा शाला में किए जा रहे बेहतर कार्यों का दस्तावेजीकरण best practice के रूप में करवाते हुए उसका संकलन कर राज्य को उपलब्ध करवाना
- सामाजिक अंकेक्षण के फोटोग्राफ एवं रिपोर्ट आदि को मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार

**संकुल स्तर:**

- प्रत्येक शाला में सामाजिक अंकेक्षण के समय पर आयोजन को सुनिश्चित कर निरीक्षण किया जाना
- प्रत्येक शाला में सामाजिक अंकेक्षण टीम लीडर एवं टीम का गठन कर उनका प्रशिक्षण एवं सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया से अवगत करवाने तैयार फिल्म का प्रदर्शन कर समझ विकसित करना
- सामाजिक अंकेक्षण टीम लीडर को संबंधित शाला के स्तर (Ps-UPS-HS/HSS) अनुसार प्रपत्र उपलब्ध करवाना एवं संबंधित टूल को समझने हेतु उसके वीडियो उपलब्ध करवाना
- शालाओं से सामाजिक अंकेक्षण के उपरान्त हस्ताक्षर किए हुए भरे हुए प्रपत्रों को BRC कार्यालय में समय पर उपलब्ध करवाए जाने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं
- सामाजिक अंकेक्षण में अधिक से अधिक समुदाय के सदस्य एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करना एवं उन्हें सही सही जानकारी देने हेतु प्रेरित करना।
- समुदाय द्वारा शाला विकास में किए जा रहे बेहतर अभ्यासों को संकलित कर फोटोग्राफ के साथ दस्तावेजीकरण कर राज्य को उपलब्ध करवाना।

**शाला स्तर**

- सामाजिक अंकेक्षण की पूरी तैयारी कर पूरी प्रक्रिया का बेहतर संचालन एवं अधिकतम सहभागिता
- बच्चों के माध्यम से समुदाय को अंकेक्षण में अधिकतम सहभागिता हेतु आमंत्रण
- सामाजिक अंकेक्षण की पूरी प्रक्रिया को समझने हेतु इसके लिए तैयार फिल्म का अवलोकन
- समुदाय के प्रतिक्रिया अनुसार प्रपत्रों को भरकर उनके हस्ताक्षर लेकर भरे हुए प्रपत्रों को BRC कार्यालय में उपलब्ध करवाना
- कमजोर क्षेत्रों की पहचान कर उनमें सुधार लाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाहियां तय करना
- सामाजिक अंकेक्षण के संबंध में मीडिया में व्यापक प्रचार-प्रसार कर सुधार हेतु कार्यवाहियां

**जो जो कार्य आपने पूर्ण कर लिए हैं उस पर टिक कर लेवें एवं शेष को शीघ्र पूर्ण करें !**

**2. स्कूलों में समुदाय के सहयोग से विकास से संबंधित बेहतर अभ्यासों का दस्तावेजीकरण**

राज्य में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान का संचालन किया जा रहा है. इसके अंतर्गत सबसे पहली गतिविधि सभी स्कूलों में सामाजिक अंकेक्षण का आयोजन करना है. इस अवसर पर सभी स्कूलों में आसपास के शिक्षक सामाजिक अंकेक्षण टीम लीडर के रूप में अपनी उपस्थिति देंगे एवं शाला की गतिविधियों के साथ-साथ समुदाय से भी चर्चा करेंगे.

इस अवसर पर यदि उनके माध्यम से समुदाय को शाला में बच्चों की गुणवत्ता सुधार के क्षेत्र में सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों पर सुझाव दिया जाए तो बहुत से क्षेत्रों में समुदाय उन क्षेत्रों में आगे काम कर सकते हैं. समुदाय के सहयोग के कुछ क्षेत्र इस प्रकार से हो सकते हैं:

1. *शिक्षकों एवं बच्चों की समय पर नियमित उपस्थिति हेतु प्रयास एवं पहल*
2. *बच्चों के पढाई के बारे में समय समय पर शिक्षक से मिलकर बातचीत*
3. *शाला में दिन भर बच्चों ने क्या किया इस पर बच्चों से पूछ-परख- आज क्या सीखा?*
4. *बच्चों के अभ्यास कार्यों/ नोट बुक में किए गए कार्यों की समय समय पर जाँच*
5. *शाला में सीखने-सिखाने में शिक्षकों को आवश्यक सहयोग*
6. *बच्चों को सीखने में सहायक सामग्री निर्माण में शिक्षकों को सहयोग*
7. *शाला से बाहर भी बच्चों को छोटे-छोटे समूह में सीखने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं*
8. *शाला से बाहर के बच्चों की पहचान कर उन्हें वापस मुख्यधारा में लेन हेतु प्रयास*
9. *बच्चों को उनके घर की भाषा में सिखाने हेतु शिक्षकों को आवश्यक सहयोग*
10. *घर पर शांत वातावरण में सीखने हेतु घर में बच्चों के लिए सीखने का कोना*
11. *बड़े-बुजुर्गों के सहयोग से कहानी उत्सव का आयोजन*
12. *शाला में किचन गार्डन बनाकर उससे मध्याह्न भोजन में सहयोग*
13. *शाला में बच्चों के लिए किसी विधा में कौशल विकास करने समुदाय का सहयोग*
14. *शाला में प्रिंट-रिच वातावरण बनाने/ लघु मरम्मत कार्यों में आवश्यक सहयोग*
15. *सेवानिवृत्त या युवाओं द्वारा बच्चों को सीखने में सहयोग देने समयदान*

इन मुद्दों पर समुदाय के साथ चर्चा कर उन्हें अपने स्कूल में बेहतर गुणवत्ता की शिक्षा सुलभ कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका से अवगत करवाते हुए नियमित सहयोग देने की अपील करें ताकि सरकारी स्कूलों में बच्चों को अच्छी गुणवत्ता की शिक्षा मिल सके. समुदाय द्वारा पूर्व से कुछ विशिष्ट क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा हो या किया जा सकता है तो उसका दस्तावेजीकरण कर उपलब्ध करवाएं.

6/x/25

**3. टीम लीडर द्वारा समुदाय में आगे शिक्षा गुणवत्ता में सहयोग हेतु टीम का गठन कर जवाबदेही देना (शाला की पंजी में कार्यवाही विवरण का दस्तावेजीकरण करते हुए सभी संबंधित के हस्ताक्षर लेवें)**

सामाजिक अंकेक्षण के दौरान समुदाय से चर्चा कर मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के माध्यम से स्कूलों में सामुदायिक सहयोग से गुणवत्ता लाए जाने हेतु समुदाय की सहमति से विभिन्न मुद्दों पर समर्थन हेतु छोटी छोटी टीम बनाकर उनसे आगे निरंतर सहयोग लिया जा सकता है. इस हेतु शाला की आवश्यकता अनुसार सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों का निर्धारण कर स्थिति में सुधार लाए जाने हेतु छोटी छोटी टीम का गठन कर उन्हें जिम्मेदारी देते हुए सहयोग लिया जाना सुनिश्चित किया जा सकता है. इस संबंध में विभिन्न क्षेत्रों का निर्धारण कर छोटी छोटी टीम बनाकर उन्हें इस प्रकार से जिम्मेदारी दी सकती है:

**उदाहरण i: सुधार का क्षेत्र: माताओं को घर पर बच्चों के सीखने में सहयोग देने हेतु सक्रिय करना**

सामाजिक अंकेक्षण के दौरान यह बात सामने आई कि बच्चों को घर पर सीखने का समुचित माहौल नहीं बन पाने से बच्चों की उपलब्धि में अपेक्षित सुधार नहीं दिखाई दे रहा है. इस क्षेत्र में सुधार ले जाने हेतु समुदाय द्वारा इन महिलाओं को इस टीम में शामिल कर सुधार की दिशा में कार्य करने की जिम्मेदारी दी गयी:

1. स्कूल जाने वाले बच्चों की माताओं को संगठित कर एक समूह बनाना
   a. नाम:
   b. नाम:
   c. नाम:
2. विभिन्न बसाहटों में सक्रिय माता को स्मार्ट माता के रूप में चयन कर जिम्मेदारी देना
   a. बसाहट: स्मार्ट माता का नाम:
   b. बसाहट: स्मार्ट माता का नाम:
   c. बसाहट: स्मार्ट माता का नाम:
3. पूरे कार्यक्रम को नेतृत्व प्रदान करने हेतु टीम लीडर की जिम्मेदारी
   a. महिला टीम लीडर का नाम:
   b. सहयोग हेतु स्थानीय महिला शिक्षिका का नाम:

पूरी टीम शीघ्र बैठक लेकर क्षेत्र में सभी माताओं को घर पर बच्चों को सीखने में सहयोग देने हेतु रणनीति का निर्धारण कर आगे की कार्यवाही हेतु समय समय पर बैठक एवं समीक्षा करते हुए अपने क्षेत्र में सभी माताओं को सक्रिय करने की दिशा में मिलकर काम करेंगी. यह टीम शाला में शिक्षकों के साथ भी सतत संपर्क में रहकर बच्चों के सीखने-सिखाने के स्तर पर नजर रख सकेंगी.

**उदाहरण ii: सुधार का क्षेत्र: शाला से बाहर के बच्चों को मुख्यधारा में जोड़ने एक टीम का गठन करना**

सामाजिक अंकेक्षण के दौरान क्षेत्र में शाला त्याग की समस्या सामने लाई गयी. इस समस्या को दूर करने क्षेत्र से निम्नलिखित सदस्यों ने सक्रिय होकर इस समस्या के निदान में सहयोग देने हेतु अपनी सहमती दी:

| # | नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि शाला त्याग की समस्या को दूर करने हेतु-

1. क्षेत्र में युवा क्लब एवं समुदाय के सहयोग से शाला त्यागी बच्चों की पहचान एवं शाला त्याग के कारण की जानकारी लेकर उसका प्रदर्शन एक चार्ट के रूप में शाला में किया जाएगा
2. प्रत्येक बच्चे को मुख्यधारा में शामिल करने युवा क्लब से छोटे छोटे दल को जिम्मेदारी देते हुए उन्हें उन बच्चों को वापस स्कूल में लाने हेतु उचित रणनीति का निर्धारण कर प्रशिक्षण दिया जाएगा
3. निरंतर प्रयास के बाद शाला में प्रवेश लेने वाले बच्चों का नाम चार्ट से काटा जाएगा एवं इसे बच्चों एवं उन्हें वापस लाने वाली टीम को सम्मानित किया जाएगा
4. सभी बच्चों को वापस लाने के उपरान्त क्षेत्र को शून्य ड्राप-आउट क्षेत्र घोषित किया जाए

ऐसे ही विभिन्न मुद्दों पर सुधार करने में सहयोग देने हेतु टीम का गठन कर उनके माध्यम से आवश्यक कार्यवाहियां की जाए ताकि इस अभियान के माध्यम से शालाओं में सुधार लाया जा सके.

**4. शालाओं से संबंधित डाटा एंट्री की प्रक्रिया को समझाना**

इस कार्य हेतु प्रत्येक विकासखंड से तकनीकी रूप से दक्ष शिक्षकों का चयन कर उनका एक समूह बनाया गया है. इस समूह को VSK में स्कूल के डाटा प्रविष्टि की मोक एंट्री का अनुभव दिलवाया गया है और उनके अनुभवों के आधार पर पूरी प्रक्रिया में सुधार लाते हुए सरलीकृत किया गया है. प्रत्येक विकासखंड से चयनित इन पांच शिक्षकों को आनलाइन प्रशिक्षण देते हुए उनके माध्यम से शालाओं से भरे हुए प्रपत्रों की प्रविष्टि की जाएगी. सामाजिक अंकेक्षण के भरे हुए प्रपत्रों में उपस्थित सदस्यों के हस्ताक्षर लेते हुए इन प्रपत्रों को BRC में जमा किया जाएगा. यहाँ टीम द्वारा VSK के लिंक में इसकी त्वरित प्रविष्टि का कार्य किया जाएगा. प्राप्त डाटा के आधार पर राज्य से विभिन्न स्तरों यथा राज्य स्तर- जिला स्तर- विकासखंड स्तर- शाला स्तर के रिपोर्ट कार्ड तैयार कर पोर्टल में उपलब्ध करें जाएँगे. इन रिपोर्ट कार्ड के आधार पर विभिन्न स्तरों से आवश्यक सुधार कार्य किया जा सकेगा.

6/11/25

उप संचालक

राज्य परियोजना कार्यालय

समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़.

# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)

क्रमांक/ 7578 /विद्या/सामाजिक अंके./ 2025 कबीरधाम, दिनांक 06 अक्टूबर 2025

प्रतिलिपि–

1. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, नवा रायपुर को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. कलेक्टर, जिला कबीरधाम को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
3. प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जिला कबीरधाम, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा जिला कबीरधाम, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. समस्त विकासखण्ड़ शिक्षा अधिकारी एवं समस्त बी.आर.सी. जिला कबीरधाम को संलग्न पत्रानुसार सूचनार्थ एवं पालनार्थ अग्रेषित, जिले की समस्त शासकीय शालाओं में दिनांक **08 अक्टूबर 2025 को** सामाजिक अंकेक्षण के दौरान ध्यान देने योग्य बातों की चेक लिस्ट इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित है, इसका पालन सभी स्कूलों में सुनिश्चित करवाएं ताकि इस पूरी प्रक्रिया के बेहतर परिणाम आ सकें।

जिला शिक्षा अधिकारी
कबीरधाम